Self Respect

15-09-2014



- बाप से वर्सा लेना है तो जरूर बाप को याद करना है । तुमने यह वर्सा बाप से अनेक बार लिया है । ड्रामा का चक्र रिपीट होता रहता है ना ।
- तुमको तो बहुत भारी मन्त्र मिलता है ।
- हर 5 हजार वर्ष बाद तुम योगबल जमा करने के लिए पढ़ाई पढ़ते हो । पढ़ाई पूरी हुई फिर प्रालब्ध चाहिए नई दुनिया में ।
- योगबल से तुम सारे विश्व पर विजय पाते हो, पवित्र भी बनना है इन लक्ष्मी-नारायण जैसा ।



- ❖ आगे चलकर तुमको बहुत साक्षात्कार होंगे । अपने देश के नजदीक आने से फिर झाड़ दिखाई पड़ते है ना । तो खुशी होती है- अब आकर पहुँचे हैं अपने घर के नजदीक । तुम भी घर चल पड़े हो फिर अपने सुखधाम आयेंगे । बाकी थोड़ा समय है, स्वर्ग से विदाई लिए कितना समय हो गया है । अब फिर स्वर्ग नजदीक आ रहा है ।
- ❖ तुम बच्चे हो आलराउण्ड, शुरू से लेकर पूरे 84 जन्म लेने वाले हो । देरी से आने वाले को आलराउन्डर नहीं कहेंगे ।
- ❖ भारत पैराडाइज़ स्वर्ग था, बच्चों को खुशी तो बहुत होनी चाहिए । बेहद का बाप, ऊंचे ते ऊँच भगवान्? ऊँच ते ऊंच पढ़ाते हैं । ऊंच ते ऊंच पद मिलता है ।



❖अच्छा! मीठे-मीठे सिकीलधे बच्चों प्रति मात-पिता बापदादा का याद-प्यार और गुडमोर्निंग। रूहानी बाप की रूहानी बच्चों को नमस्ते ।

❖वरदान: अल्फ को जानने और पवित्रता के स्वधर्म को अपनाने वाले विशेष आत्मा भव !